जागरण

Punjab News: बरनाला में खाद्य आपूर्ति विभाग का एक्शन, धनौला में नकली पनीर किया जब्त



**संवाद सूत्र, बरनाला।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने धनौला में नकली पनीर जब्त किया है। गुरचरण सिंह के गोदाम से नकली पनीर बरामद किया गया और पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड पदार्थ के खाली और भरे हुए डिब्बे बरामद किए गए।

खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी चरणजीत सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। यह पनीर चंडीगढ़ व अन्य बड़े शहरों में भी बिकता है। नकली पनीर के नमूने ले लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस डेयरी के तीन नमूने पहले ही लिए जा चुके हैं।

Source: https://www.jagran.com/punjab/barnala-fake-cheese-seized-in-barnala-food-department-action-24068447.html